धरना प्रदर्शन का तमाशबीन बना रहा।

बारिश से आयुष विवि का निर्माण कार्य ठप

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। आधे घंटे की हल्की बारिश से ही पिपरी में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य बुधवार को बाधित हो गया। हालत यह है कि मिट्टी के कार्य में लगे सभी हाइवा रोड रोलर मशीनें खड़ी हो गई है। इससे शासन की तरफ से तय समय में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कैसे हो पाएगा।

डेढ़ माह पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आयुष विश्वविद्यालय के निरीक्षण में बरसात से पहले परिसर की आंतरिक सड़कें, एप्रोच, मिट्टी का कार्य पूर्ण कराते हुए कई ब्लॉकों के निर्माण कार्य जमीन से ऊपर पहुंचाने के निर्देश दिए। चार दिन पहले डीएम विजय किरन आनन्द व कुलपति प्रोफेसर ऐके सिंह द्वारा आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का स्थलीय



आयुष विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन एडमिन ब्लॉक में भरा पानी। • हिन्दुस्तान

निरीक्षण किया । निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए डीएम ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर में मिट्टी का कार्य तत्काल पूरा कराते हुए आंतरिक सड़कें, एप्रोच तैयार कराने व मजदूरों की संख्या बढ़कर दो शिफ्ट में कार्य कराने के निर्देश दिए । बावजूद इसके निर्माण कार्य में कोई तेजी नहीं आई। बुधवार को दोपहर में आधे घंटे की बारिश में ही परिसर में हाइवा समेत अन्य मशीनें जहां की तहां खड़ी हो गई। सड़कें धंसने व जलजमाव हो गया है। एडमिन ब्लॉक, गेस्ट हाउस, फैकेल्टी सेंटर, टाइप एक से पांच तक अन्य ब्लॉकों में लबालब पानी भर गया है।

> "बार-बार चेतावनी देने के बावजूद निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी के द्वारा शिथिलता बरती जा रही है। बीती रात नाइट शिफ्ट के कार्यों की जांच करने स्वयं पहुंचे, लेकिन काम बंद मिला। इसकी शिकायत सीएम योगी आदित्यनाथ से की जाएगी।
>
> -प्रोफेसर ऐके सिंह, कुलपति, गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय

दिव्यांगों के लिए बने सक्षम उदाहरण